p>

Title: Request the government to issue a postal stamp in the name of Shaheed Ramphal Mandal to pay our respect to him.

**श्री रामप्रीत मंडल (झंझारपुर)**: अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान एक भावनात्मक मुद्दे की तरफ दिलाना चाहता हूं । शहीद रामफल मंडल अखण्ड बिहार के प्रथम अमर शहीद थे । आजादी की लड़ाई में उनका काफी योगदान था । उन्होंने देश की आजादी के लिए हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चूम लिया । उन्होंने देश के लिए शहीद होकर अखंड बिहार को गौरवान्वित किया । हम सब बिहार वासियों को उनकी शहादत पर गर्व है । 23 अगस्त, 1943 को भागलपुर सेंट्रल जेल में उनको फांसी दी गई । अत: सरकार से मेरा विनम्र निवेदन है कि श्री शहीद रामफल मंडल के नाम से सरकार एक डाक टिकट जारी कर उनकी शहादत को सम्मानित करे । इसके लिए मैं और समस्त बिहारवासी सरकार के आभारी रहेंगे । आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद ।